# मेघ आए

## कविता का सार / प्रतिपाद्य

यह पाठ गाँव में बादलों के आने पर होने वाले प्रकृति बदलावों का वर्णन करता है। इस पाठ में बादलों की तुलना गाँव में आए दामाद के रूप में की गई है। दामाद के आने पर जिस तरह गाँव के लोगों तथा स्त्रियों के मध्य हलचल मच जाती है, उसका वर्णन किया गया है। ऐसी ही हलचल गाँव में बादलों के आने से मच जाती है। इसका कवि ने बहुत ही सुंदर चित्र उपस्थित किया है।

## कविता का भाव

➽ बादलों के आने पर गाँव की क्या स्थिति होती है, वह दर्शाया गया है।

## भाषा शैली की विशेषताएँ

➽ सरल भाषा
➽ प्रवाहमयी भाषा
➽ मुहावरेदार भाषा
➽ गेयता के गुण से पूर्ण
➽ अलंकारों का सुंदर प्रयोग
➽ प्रकृति का अद्भुत मानवीकरण
➽ तत्सम शब्दों का सटीक प्रयोग

## कविता का उद्देश्य

➽ यह पाठ हमें प्रकृति के समीप ले जाता है। इसके अतिरिक्त यह गाँव के जन-जीवन की भी छवि उभारता है।

## कविता से मिलने वाली शिक्षाएँ / संदेश / प्रेरणा

➽ यह पाठ हमें प्रकृति के महत्व को समझने की प्रेरणा देता है।